## एक नजर

### मोहम्मदगंज में गरीब रथ के ठहराव को लेकर नागरिक मुखर

**मोहम्मदगंज।** लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजने में अब चंद दिन शेष रह गए है। इस बीच मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर गरीब रथ के ठहराव को लेकर नागरिक एक बार फिर से मुखर होने लगे हैं। उनका कहना है कि इससे क्षेत्र के लाखों लोगों को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली जाने में सहूलियत होगी। इसके लिये नागरिकों द्वारा कई बार सांसद का ध्यान भी आकृष्ट कराया जा चुका है। इसके बाद भी कोई पहल नहीं किये जाने से अब तक गरीब रथ का ठहराव सुनिश्चित नहीं हो सका है। सांसद श्री राम ने बीते दिनों धनबाद में रेलवे संसदीय बोर्ड की बैठक में भी 12877/78 गरीबरथ एक्सप्रेस का मोहम्मदगंज में ठहराव करने का प्रस्ताव रखा था। अनुमति मिल जाने से पलामू के साथ सीमावर्ती गढ़वा जिले के नागरिकों को भी राहत मिलेगी।

### नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**पांकी।** प्रखंड के सिंचाई विभाग के मैदान पर आजाद हिंद नवयुवक संघ के तत्वावधान में आयोजित नॉक आउट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट-2024 के फाइनल मैच का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि विधानसभा के भावी प्रत्याशी जितेंद्र पासवान के द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने कहा कि विधानसभा के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। टूर्नामेंट से युवाओं को बेहतर अवसर प्राप्त होगा। मौके पर उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, अध्यक्ष मोहम्मद शमशाद, उपाध्यक्ष जुगनू, उपाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा, सचिव चीकू सिंह, उप सचिव गुड्डू उपस्थित थे।

### आनलाइन संबोधन में विधायक ने आदिवासी सम्मान के प्रति जतायी प्रतिबद्धता

# महुदंड में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सुदूरवर्ती आदिवासी बाहुल्य पंचायत महुदंड में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन किया। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह समेत एनसीपी के कार्यकर्ताओं ने धरती आबा की प्रतिमा के अनावरण के उपरांत माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विधायक श्री सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि महुदंड आदिवासी बाहुल्य पंचायत है। यहां के लोगों की मांग पर उन्होंने विधायक कोटे की राशि से भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित कराया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के सम्मान की रक्षा के लिये वे प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लोहा लेने वाले भगवान बिरसा मुंडा का देश की आजादी में योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि धरती आबा का जीवन हमें जुल्म के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा देता है। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि आज का दिन महुदंड के लिए ऐतिहासिक दिन है। मौके पर एनसीपी प्रवक्ता सह हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, विनय परहिया, जनेश्वर भुइयां, गुडु रवि, संजय परहिया, विजय ठाकुर, रविन्द्र यादव, कृष्णा परहिया, सरवन परहिया, बीरबल परहिया, बंधु भुइयां, विजय परहिया, कमलेश परहिया, गनौरी यादव, सत्येंद्र भुइयां, मनोज भुइयां, कर्मू परहिया, नंदलाल परहिया, कपिलदेव राम, मनदीप राम, लल्लू यादव मौजूद थे।






# कंप्यूटर सेंटर में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** शहर के मेन रोड़ स्थित आदर्श कम्प्यूटर सेंटर में कम्प्यूटर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सेंटर के 170 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सेंटर की तरफ से टॉप सुपर 30 विद्यार्थियों की सूची तैयार की गयी। जिन्हें संस्थान के निदेशक शादाब आलम द्वारा मेडल, कप व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए निदेशक शादाब आलम ने कहा कि वर्तमान दौर में कंप्यूटर हर व्यक्ति की जरूरत बन गया है। प्रतियोगिता से विद्यार्थियों की ज्ञान क्षमता बढ़ती है और आत्मविश्वास में इजाफा होता है। उन्होंने सुपर-30 में चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें देते हुये उन्हें प्रोत्साहित किया। खुशी, प्रियांशु, राज, अमीषा, अदिति, आशीष, इशिका, पीयूष, पिंकी, संजू, नवनीत, फरहीन, पायल, जीशान, विशाल आदि मौजूद रहे।



### पालिका उच्च विद्यालय में पांच दिवसीय शिविर शुरू

# जीवन जीने की कला सिखाता है योग

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** पालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी राजीव शरण , महिला प्रभारी ममता दीदी, प्रखंड योग समिति प्रभारी विरेंद्र साहू , श्याम बिहारी एवं जिप सदस्या सुधा कुमारी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। जिला प्रभारी ने बताया कि योग जीवन का आधार है। वर्तमान में योग की महत्ता बढ़ते ही जा रही है। योग जीवन जीने की कला सिखाता है। शिविर में सैकड़ों की संख्या में योग श्रद्धालुओं ने आसन , प्राणायाम व ध्यान किया। महिला प्रभारी ने सभी को आसन ,व्यायाम व प्राणायाम की जानकारी दी। 14 मार्च को शिविर का समापन किया जायेगा। मौके पर योग प्रशिक्षक विजय राम, वरीय योग प्रशिक्षक राजकुमार साहू , सुधीर गुप्ता, चंदेश्वर राय, पूनम गुप्ता , गायत्री परिवार के प्रखंड प्रभारी संजय कुमार, महिला प्रखंड प्रभारी ऊषा देवी ,कंचन देवी, सपना कुमारी, नीलू , करमचंद साहू , राम स्वरूप, निर्दोष कुमार , सुनील गांधी राम, श्याम प्रसाद उपस्थित थे।



### मानसिक रूप से कमजोर अधेड़ लापता

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बिशनपुर पंचायत निवासी बनारसी सिंह उम्र 55 वर्ष 6 मार्च से अपने घर से लापता हैं। बनारसी सिंह मानसिक रूप से कमजोर हैं। जिसके वजह से परिजन काफी परेशान हैं। इनके गुम हो जाने के बाद से परिजनों ने सगे संबंधियों सहित अन्य जगहों पर उनकी तलाश की परंतु अभी तक इनका कुछ भी पता नहीं चल पाया है। गुम होने के बाद परिजनों के द्वारा नौडीहा बाजार थाना में गुमशुदगी से संबंधित मामला दर्ज करा दिया गया है। मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस भी बनारसी सिंह की तलाश में जुट गई है। परिजनों ने आम जनों से आग्रह निवेदन किया है कि यदि बनारसी यादव किसी को कहीं भी दिखे तो इसकी सूचना मोबाइल नंबर 953327 4361 या फिर मोबाइल नंबर 85019 96057 पर सूचना दे।



# विधायक ने किया सखी मंडल के बीच सिलाई मशीन का वितरण



### महिलाओं को स्वावलंबी बना रही मोदी सरकार

नवीन मेल संवादाता

**पांकी।** विधायक कुशवाहा डा. शशि भूषण मेहता ने सखी मंडल की बहनों की आजीविका संवर्धन के लिए रविवार को सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरूआत की। मौर्य फार्म हाउस में आयोजित समारोह में सतबरवा प्रखंड के रेवारातू, घुटुवा, धावाडीह,बोहिता और तरहसी टरिया पंचायतों की सखी मंडल की बहनों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। विधायक ने इस दौरान महिलाओं को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिये निरंतर कार्य कर रही है। उनके नेतृत्व में भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। 2024 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। उन्होंने कहा कि सिलाई मशीन वितरण के बाद प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जाएगी। पीएम मोदी के सपनों वाला आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए आधी आबादी वाली बहनों को सशक्त करना जरूरी है।

# पड़ोसियों ने घर में घुसकर की मारपीट, मां-बेटे गंभीर

### महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के ऊपरी कला गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई नोकझोंक के बाद पड़ोसियों ने घर में घुसकर महिला पर हमला बोल दिया। बीच -बचाव करने आये महिला के पुत्र की भी लाठी-डंडे से जमकर पिटाई की। मारपीट के बाद आरोपी भाग निकले। गंभीर रूप से घायल मां और बेटा को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया। इस घटना को लेकर रामपूजन मेहता ने हुसैनाबाद थाने में अर्जुन मेहता, शंकर मेहता,आशा देवी व अभिमन्यु मेहता के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों द्वारा उनके घर में घुसकर उनकी मां की पिटाई की जा रही थी। विरोध करने पर उन लोगों ने उन पर लाठी-डंडे व टांगी से हमला बोल दिया। बचाव में भागते समय शंकर मेहता द्वारा उनके सिर पर टांगी से प्रहार किया गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

### कुल्ही में नामांकित 40 बच्चों के सापेक्ष महज चार बच्चों की उपस्थिति

# नाम के लिये संचालित हो रहा आंगनबाड़ी केंद्र

नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति दिन-प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही है। क्षेत्र के अधिकांश केंद्र जहां महज रजिस्टर पर ही संचालित हो रहे हैं। वहीं कुल्ही आंगनबाड़ी केंद्र पर नामांकित 40 बच्चों के सापेक्ष महज चार बच्चों की उपस्थिति दर्ज की गयी। बच्चों के केंद्र पर लाने की कवायद की जगह सेविका व सहायिका भी कक्ष से बाहर चहलकदमी करती नजर आयीं। नौनिहालों व धात्री महिलाओं को पोषक आहार उपलब्ध करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा सुदूर ग्रामीण अंचलों में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना की गयी है, किंतु समुचित देखभाल व संचालन के अभाव में आंगनबाड़ी केंद्रों की हालत खस्ता होते जा रही है। इस संबंध में बार-बार फोन उठाने के बाद भी जहां सुपरवाइजर ने मोबाइल फोन नहीं उठाया। वहीं जिम्मेदार अधिकारी ने गोलमोल जबाब देकर अपने कर्त्तव्यों की इतिश्री कर ली। ग्रामीणों का कहना है कि नौनिहालों के भविष्य से संबंधित अहम योजना का जब यह हाल है तो अन्य योजनाओं की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



# कलश यात्रा के साथ रूद्र महायज्ञ शुरू

### विधायका पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज भुइयां ने किया सहभाग

नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड स्थित पुराना थाने के समीप आयोजित रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। सिर पर कलश लिये श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ झारखंड -बिहार सीमा पर स्थित सोरहर-मोरहर नदी तट पर पहुंचे। यज्ञाचार्य साकेत बिहारी दास ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल लेकर यज्ञशाला पहुंचे। इस दौरान जय श्रीराम,राधे-राधे के जयकारे से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। महायज्ञ का समापन 18 मार्च को किया जायेगा। कार्यक्रम में नौडीहा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल पाठक, मंडल युवा अध्यक्ष रौशन सिंह, विधायक प्रतिनिधि मनोज भुइयां, विधायक प्रतिनिधि अशोक यादव, सामाजिक कार्यकर्ता मुन्ना सिंह, काशी प्रसाद गुप्ता, लाल बिहारी यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, शिव भुइयां, पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव, चंदन यादव मौजूद थे।



# कुम्भी खुर्द में बाबा वीर कुंवर का थमगड़ी को लेकर तैयारी जोरों पर



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र के अन्तर्गत सोहदागखुर्द पंचायत एवं कुंम्भी कला पंचायत के सिवान कुंम्भी खुर्द में 11 मार्च को बाबा वीर कुंवर का थमगड़ी कार्यक्रम का तैयारी जोरों पर चल रही है। मौके पर बिहार के दो भोजपुरी मगध सम्राट गायक महावीर यादव तथा शिव शंकर यादव दो ब्यासों के बीच घमासान दोगोला मुकाबला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को लेकर सोहदागखुर्द पंचायत मुखिया कमला देवी ने चबूतरा निर्माण के साथ स्थल के अगल-बगल समतलीकरण एवं जल नल योजना निर्माण कर श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की है। मुखिया ने कहीं कि जरूरत सामग्री एवं योजना में भरपूर हमारे द्वारा हर संभव मदद किया जाएगा।

# ओम कुमार अध्यक्ष व गिरेंद्र बने सचिव

### एनएमओपीएस/झारोटेफ के तत्वावधान में पुनर्गठन

नवीन मेल संवाददाता

**मनातू।** झारोटेफ के तत्वावधान में राजकीय मध्य विद्यालय तरहसी में पेंशन संरक्षण परिचर्चा सह सांगठनिक पुनर्गठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड संयोजक ओम कुमार तथा संचालन गिरेंद्र कुमार महतो के द्वारा किया गया। इस दौरान नवगठित कमेटी में ओम कुमार को प्रखंड अध्यक्ष, गिरेंद्र महतो को सचिव, मनोज कुमार को कोषाध्यक्ष, बृजेश कुमार नागर, विनय कुमार व ध्रुव कांत पांडे को संयुक्त सचिव, रामनरेश निरंजन को अंकेक्षक व मनीष चंद्रा को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके साथ ही सत्येन्द्र कुमार को सोशल मीडिया प्रभारी, अरविंद कुमार को वरीय उपाध्यक्ष व मिथिलेश प्रजापति व लक्ष्मी कांत को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गयी। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने पूर्ण निष्ठा के साथ दायित्व निर्वहन का संकल्प जताया। इसके साथ ही कार्यकारिणी के पांच सदस्यों का भी चयन किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष मनोज मेहता, मीडिया प्रभारी संजय कुमार चौधरी, संजय कुमार गुप्ता, डा. पुष्पलता कुमारी ,दीपक कुमार, संजय कुमार चौधरी, राजकुमार सिंह, रामशरण कुमार उपस्थित थे।



# कॉलेज आयी लड़की गायब सगे भाईयों पर प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र से एक युवती के गायब होने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर युवती के पिता ने हुसैनाबाद थाने में हैदरनगर थाना क्षेत्र के निवासी सगे भाई रोहित कुमार और राहुल कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री जपला कॉलेज में अपना एडमिट कार्ड लेने के लिये 26 फरवरी को घर से निकली थी। देर शाम जब वह घर वापस नहीं लौटी, तो अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। दूसरे दिन उनके घर के मोबाइल पर कॉल आया कि मै रोहित कुमार बोल रहा हूं आपकी लड़की मेरे साथ है। कल आपकी लड़की घर पहुंच जाएगी, लेकिन मेरी लड़की वापस नहीं आई । उसके बाद उन्होंने उसके भाई राहुल कुमार से संपर्क किया । उसने भी कहा कि लड़की वापस लौट जाएगी, इसी तरह कहते हुए दिन बीतता गया। इसी बीच रोहित का कॉल आया और कहने लगा कि लड़की को अब नहीं छोड़ेंगे और धमकी भी दी कि जहां जाना है, जाकर शिकायत कर दें। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मेरी लड़की की शादी की नीयत से अपहरण कर लिया गया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ने कहा कि लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

### प्रमुख शोभा देवी ने सांसद का किया स्वागत



**पाटन।** पलामू संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम को तीसरी बार सांसद उम्मीदवार बनाए जाने पर पाटन प्रमुख शोभा देवी ने उनसे मुलाकात कर बुके देकर उनका स्वागत किया। प्रमुख ने कहा कि दो बार के कार्यकाल के आधार पर तीसरी बार सांसद का जीतना तय है। इससे तमाम अधूरे कार्य पूरे होंगे तथा पलामू विकास की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ेगा।

# मुखिया ने महिलाओं को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत सचिवालय में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुखिया काजल कुमारी ने इस दौरान महिलाओं के मान-सम्मान, हक-अधिकार और सुरक्षा को लेकर आवाज बुलंद किया। मुखिया ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं आज किसी से कम नहीं हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में बाजी मार रही हैं। भारतीय संस्कृति में महिलाओं को बहुत सम्मान दिया गया है, लेकिन आए दिन महिलाओं के साथ हो रही हिंसा एवं दुष्कर्म जैसी घटनाएं शर्मनाक हैं। कार्यक्रम में उन्होंने महिलाओं को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर भाजपा कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र मेहता, श्रवन यादव, अर्जुन राम, ममता देवी, पिंकी देवी, ललिता देवी, प्रतिमा कुमारी, रिंकी कुमारी, गुंजा देवी, गीता देवी , संजू देवी मौजूद रहीं।



### प्रवचन — पंचमुखी हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर भव्य आयोजन

# श्रीराम कथा सुन भक्त हुये भाव विभोर

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पंचमुखी हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर वृन्दावन धाम से आयीं शिखा चतुर्वेदी ने श्रीराम कथा का मार्मिक बखान किया। वन गमन का प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। उन्होंने कहा कि यह वर्ष प्रभु श्रीराम वर्ष के रूप में जाना जाएगा। क्योंकि सैकड़ों वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम की भव्य मंदिर हम सभी देख पा रहे हैं। प्रभु श्रीराम के आदर्शो को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। हम सब में राम हैं। कण-कण में राम हैं। भाई से भाई का प्रेम, एक पुत्र का पिता के प्रति कर्तव्य को चरितार्थ करने वाले मर्यादा पुरषोत्तम श्रीराम हैं। इसके पूर्व गांधी चौक के पास आयोजित श्रीराम कथा की शुरूआत प्रभु श्रीराम की आरती व मंगलाचरण के साथ की गई। इस दौरान प्रभु श्रीराम व जय हनुमान के जयघोष से संपूर्ण क्षेत्र राममय हो गया। वीर हनुमान की भक्ति की व्याख्या करते हुये उन्होंने कहा कि हनुमान के हदय में केवल राम व सीता के अलावा कुछ भी नही था। भक्ति हो तो हनुमान जैसी। मौके पर संतोष गर्ग उर्फ माइकल, सुबोध साहु, पूर्व वार्ड पार्षद मधु अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, उदयनाथ विश्वकर्मा, पवन लाल अग्रवाल, संदीप सोनी, अजित अग्रवाल, अर्जुन चौधरी, कृष्णा अग्रवाल, विकास अग्रवाल, टिंकू अग्रवाल, विपिन पटेल, अक्षय कुमार आदि मौजूद थे।





## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**
असहाय व अक्षम लोगों की मदद के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार पूरी तरह गंभीर है। जेल में निरुद्ध बंदियों के लिए भी निःशुल्क अधिवक्ता मुहैया कराये जा रहें है।
**अभिताभ चंद्र सिंह, एलएडीसी चीफ**

## ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री त्रस्त

मेदिनीनगर। बरवाडीह -डेहरी आनसोन रेल खंड पर यात्री ट्रेनों की लेट लतीफी यात्रियों के लिये भारी मुसीबत का कारण बन गयी है। वैवाहिक लगनों के दौर में पैसेंजर ट्रेनों का अनियमित संचालन से नागरिक अपना आवश्यक कार्य नहीं कर पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि उक्त रेल खंड पर ट्रेन ही आवागमन का प्रमुख साधन हैं, किंतु विडंबना है कि कोरोना काल से ही उक्त रेल खंड पर ट्रेनों का संचालन पूरी तरह बेपटरी हो गया है। किसी न किसी कारण से आये दिन जहां ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया जा रहा है। वहीं ट्रेनों की लेट लतीफी आम बात हो गयी है।

### तस्वीर झूठ ना बोले



जीवन का निर्वाह। दिनभर मजदूरी तो रात को जहां मिला ठौर वहीं गुजारने की विवशता। (छाया-भोला)

यंग स्टार क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आगाज , ग्रामीणों में उत्साह

# जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं खेल , बढ़-चढ़ कर लें भाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महाराजा मेदिनीराय यंग स्टार क्रिकेट क्लब धमधमवा पोलपोल के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता व पोलपोल मुखिया पति भरदुल सिंह ने इसका उद्घाटन फीता काटकर व टॉस उछालकर किया। इस मौके पर भरदुल सिंह ने कहा कि खेल से नई ऊर्जा का संचार होता है। खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इससे परस्पर सौहार्द बढ़ता है। अधिवक्ता



संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्र में भी खेल के प्रति रुझान काफी बढ़ गया हैं। अब ग्रामीण खिलाड़ी भी विभिन्न मंचों पर अपना परचम लहरा रहे हैं। सरजा के पूर्व मुखिया आनंद कुमार में कहा कि

**खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इससे परस्पर सौहार्द बढ़ता है।**

खेल से मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है। पहले दिन का मैच पोलपोल व दुलसुलमा के बीच खेला गया। 10-10 ओवरों के टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा लेंगी। मौके पर दिनेश सिंह, राजनाथ सिंह, महेंद्र सिंह ,शंकर सिंह, सुनील सिंह, मोहन सिंह, जयराम सिंह, ओमप्रकाश सिंह, रविन्द्र सिंह, हरेंद्र सिंह, अजय सिंह उपस्थित थे।

## एक नजर

### भाकपा जिला सचिव ने जेसीबी से हो रहे कार्य पर जताया रोष

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने क्षेत्र भ्रमण के दरमियान रेड़मा स्थित झरना आहर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रोष जताते हुये कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि गहरीकरण के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। स्थिति यह है कि जेसीबी से निर्माण कराकर जहां मजूदरों के काम के अधिकार पर डाका डाला जा रहा है। वहीं आहर से निकलने वाली मिट्टी को भी बेच दिया जा रहा है। देखरेख के लिये किसी व्यक्ति की तैनाती नहीं की गयी है। करोड़ों की निविदा आमंत्रित कर जनता के टैक्स के धन का बंदरबांट किया जा रहा है। मौके पर एआइएसएफ जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी, किसान नेता रामराज तिवारी एवं नसीम राइन उपस्थित थे।

### विहिप की प्रांत व समन्वय बैठक की तैयारी तेज




**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद -बजरंग दल जिला समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विभाग सह मंत्री महेंद्र नाथ और संचालन जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने किया। इस दौरान 15 मार्च से होने वाली प्रांत कार्यसमिति और 13 मार्च को होने वाली संघ की समन्वय बैठक की रणनीति बनायी गयी। बैठक में पिछले छह महीने में किए गए कार्यों की समीक्षा की गयी। सभी सदस्यों को धर्म रक्षा निधि समर्पण का कार्य शीघ्र समाप्त कर कूपन जमा करने का निर्देश दिया गया। मौके पर सह मंत्री अमित तिवारी, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, रवि तिवारी, बलोपासना प्रमुख विकास कश्यप, छतरपुर संयोजक बिट्टू जॉन, दिलीप गिरी, प्रकाश विश्वकर्मा मौजूद रहे।

रेलवे बोर्ड ने दी स्वीकृति, 13 करोड़ से किया जायेगा निर्माण, लोगों को मिलेगी राहत

# पंजरी कला व लालगढ़ में बनेगा एलएचएस : एमपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में रेल सुविधा विस्तार को लेकर प्रयासरत सांसद विष्णु दयाल राम को एक और सफलता मिली है। पंजरी कला एवं लालगढ़ में एलएचएस बनेगा। रेलवे बोर्ड ने नौ मार्च को इसके निर्माण की स्वीकृति दे दी है तथा दोनों स्थानों पर निर्माण हेतु 12 करोड़ 99 लाख 50 हजार रुपए की भी स्वीकृति मिल चुकी हैं। विदित है कि उक्त दोनों स्थानों पर एलएचएस निर्माण की जनता द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। पलामू सांसद वर्ष 2014 से ही लोकसभा में इस मामले को उठाते रहे हैं। साथ ही मंडल रेल प्रबंधक धनबाद, महाप्रबंधक हाजीपुर व रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को पत्राचार व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी इस मामले में व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी। सांसद श्री राम ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री को पलामू सांसद के क्षेत्र की ओर से आभार प्रकट किया है।



पलामू सांसद वर्ष 2014 से ही लोकसभा में इस मामले को उठाते रहे है



**ग्रामीणों में हर्ष**
उक्त स्थल पर निर्माण की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुये सांसद के प्रति आभार जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे जहां आवागमन सुचारू होगा। वहीं रेल

### वंदे भारत का रूट बदलना नाकामी

**मेदिनीनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने रांची से लोहरदगा-टोरी-डालटनगंज के रास्ते वाराणसी तक वंदे भारत ट्रेन का परिचालन नहीं होने पर क्षेत्र के तीनों भाजपा सांसदों को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने इसे सांसदों की नाकामी करार देते हुये कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अति पिछड़े क्षेत्र में स्थित लोहरदगा,चतरा और पलामू संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद हैं। जहां की जनता ने क्रमशः तीन व दो-दो बार से लगातार उन्हें अपना प्रतिनिधि चुन रही है। इसके बाद भी अपनी ही सरकार में सांसद त्रय अपने क्षेत्र में वंदे भारत नहीं ला सके।

## थाना प्रभारी ने पब्लिक स्कूल का किया उद्घाटन




**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित लाइन होटल के समीप रविवार को नावा बाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने डेडिकेटेड पब्लिक स्कूल का उद्घाटन फीता काटकर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सीबीएसई पैटर्न पर आधारित स्कूल क्षेत्र के लिए निश्चित ही काफी उपयोगी साबित होगा। डायरेक्टर धर्मेंद्र कुमार मेहता ने बताया कि स्कूल में नर्सरी से कक्षा दशम तक की शिक्षा की उत्तम व्यवस्था की गई है। विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों के साथ लैब, कंप्यूटर,खेल मैदान, स्मार्ट क्लास,वाहन की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर एएसआई नागेंद्रनाथ तिवारी, इटको मुखिया प्रतिनिधि सफीर आलम, प्रिंसिपल नागेंद्र प्रजापति, गुड्डू मेहता, नीरज मेहता, धीरज यादव ,अशोक राम, सुरेंद्र पाल उपस्थित थे ।

सुबह-शाम नर्म, दिन में गर्मी का होने लगा एहसास, गर्म कपड़े गायब

## मौसम परिवर्तन की आहट, वापसी की राह पर ठंड

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मार्च महीने के दूसरे सप्ताह से मौसम परिवर्तन की आहट सुनाई देने लगी है। ठंड जहां वापसी की राह पकड़ चुकी है। वहीं धीरे-धीरे गर्मी अपने आगमन का संकेत देने लगी है। हालांकि अभी भी सुबह-शाम हवा के झोंके सर्द एहसास अवश्य करा रहे हैं। दिन में निकल रही चटख धूप व पछुआ हवाओं से नागरिकों के पसीने टपकने शुरू हो गये हैं। अब सुबह-शाम भी गिने-चुने लोग ही गर्म कपड़ों का प्रयोग करते देखे जा रहे हैं। देर रात सफर करने वाले यात्री अभी भी अवश्य पूरी तैयारी में नजर आ रहे हैं। मौसम के मिजाज को देखते हुये जल्द ही ठंडी की पूरी तरह रवानगी व गर्मी के रौ में आने की संभावना जतायी जा रही है।



**पेड़ों से पतझड़ के संकेत**
पेड़ों से पीला होकर गिर रहे पत्ते पतझड़ का संकेत दे रहे हैं। हवा के साथ वातावरण में भी फाल्गुनी मादकता की गंध महसूस की जाने लगी है।



युवा कांग्रेस जिला कार्यकारिणी की बैठक में बनी रणनीति

## प्रत्येक बूथ पर पांच यूथ जोड़ने पर बल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला युवा कांग्रेस कमेटी की जिला कार्यकारणी समिति की बैठक में प्रदेश महासचिव सह पलामू प्रभारी शादाब खान ने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर पांच यूथ जोड़ने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संगठन को धार देने की जरूरत है। हमारे नेता राहुल गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीबी के निर्देशानुसार सभी बूथ को मजबूत करने के लिए बूथ जोड़ो यूथ जोड़ो कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिला अध्यक्ष परवेज अली उर्फ मुन्ना खान ने कहा कि कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर युवाओं को कांग्रेस की नीतियों से परिचित कराने की जरूरत है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष आशीष चौधरी, केसर अली, विधानसभा अध्यक्ष नवीन पासवान, गुलाम नबी, प्रदीप कुमार मोदी, प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मेहता, हसन अली, जहांगीर अंसारी, सोशल मीडिया प्रभारी शोएब अख्तर मौजूद थे।




# नया लीज दर लागू होने से कई लोग होंगे बेघर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नया लीज दर लागू होने से कई लोग बेघर हो जायेंगे। सभी को मिलकर इस काले कानून का विरोध करना चाहिये। पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने शासन के नये लीज दर पर कड़ी आपत्ति जताते हुये यह बातें कहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन एवं सरकार लीजधारियों के साथ मनमानी कर रही है। एक तरफ सरकार जहां 20 वर्षों से केवल नए-नए नियमों का नोटिफिकेशन पर नोटिफिकेशन कर रही है तो दूसरी तरफ जिला प्रशासन लीज दर में लगातार बढ़ोतरी करती जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष परामर्शदात्री समिति की बैठक में भी उन्होंने दर बढ़ाने के मुद्दे पर पुरजोर विरोध किया था। आज के जटिल कानून के साथ 20 वर्ष पुराना किराया और बिना किसी कानून उल्लंघन के फाइन यह कहां का कानून है। सभी को मुखर होकर इसका विरोध करना चाहिये। उन्होंने कहा कि लीज भूमि का अधिकांश भाग सरकारी उपयोग, रोड, सरकारी भवन, वन विभाग, अस्पताल ,तालाब, मैदान में उपयोग हो रहा है। मात्र 25 प्रतिशत भूमि का ही आम नागरिक उपयोग कर रहे हैं। इसके बाद भी सरकार दर पर दर बढ़ा रही है। जबकि देश के 90 प्रतिशत राज्यों ने इस काले कानून को खत्म कर दिया है।

**मात्र 25 प्रतिशत भूमि का ही आम नागरिक उपयोग कर रहे हैं। इसके बाद भी सरकार दर पर दर बढ़ा रही है : पूर्व मेयर**

### आजसू के केंद्रीय सचिव ने कहा गरीबों को उजाड़ने पर आमदा झामुमो



मेदिनीनगर। सत्ता मे आने से पूर्व चुनावी घोषणा पत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कहा था कि मेदिनीनगर समेत पूरे राज्य को खास महाल से मुक्त किया जाएगा। अब सरकार का कार्यकाल समाप्त होने को है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह अंग्रेजों के गुलामी का प्रतीक है। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर शहर को खास महाल से मुक्त कराने के लिए जोरदार आन्दोलन चला है। एक भूमि पर नगर निगम और खास महाल के नाम पर सरकार दो टैक्स ले रही है जो लोकतंत्र का गला घोंटने के समान है। उन्होंने पलामू उपायुक्त से अधिसूचना में बढे हुए खास महाल के दर की घोषणा को आम जनता के बीच दहशत फैलाने वाला व निन्दनीय बताया। सतीश कुमार ने कहा कि प्रति डिसमिल मुख्य मार्ग में 11 लाख तीस हजार दो सौ साठ रुपये दर पूर्णतः नजायज है। उन्होंने खास महाल टैक्स को काला कानून बताते हुए रद्द करने की मांग की।

106 मास्टर प्रशिक्षकों को मिला चुनावी प्रशिक्षण, दिया गया निर्देश

## त्रुटि रहित मतदान कराने की दी गयी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव-2024 के सफल संचालन को लेकर समाहरणालय के ब्लाक सी में रविवार को 106 मास्टर प्रशिक्षकों को चुनावी प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पलामू उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर आयोजित प्रशिक्षण में शामिल प्रशिक्षु मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षक मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण में चुनाव आचार संहिता, ईवीएम का संचालन, प्रपत्रों का संधारण तथा निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व त्रुटि रहित मतदान कराने की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षक मनु प्रसाद तिवारी, परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा, अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक ने दिया। इसके पूर्व अपर समाहर्ता कुंदन कुमार एवं सदर एसडीओ अनुराग तिवारी ने बीडीओ व सीओ को पोस्टल बैलेट के बारे में प्रशिक्षण दिया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के रामलखन राम, धनंजय कुमार सिंह व इन्द्रदेव राम मौजूद थे।



### कांग्रेस का भाजपा हटाओ-देश बचाओ अभियान शुरू

**मेदिनीनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में रविवार से डाल्टनगंज विधानसभा के रामगढ़ प्रखंड से भाजपा हटाओ -देश बचाओ अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान जिले के सभी प्रखंडों के पंचायतों में चलाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुये जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुयी है। देश, लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिये वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराना जरूरी है।

## सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत

**मृतक के चाचा निकेश सिंह ने बताया कि शनिवार की दोपहर दो बजे आदित्य अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खेंद्रा खुर्द गांव निवासी अरविंद सिंह के पांच वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के चाचा निकेश सिंह ने बताया कि शनिवार की दोपहर दो बजे आदित्य अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची छतरपुर पुलिस बाइक को जब्त कर उसे थाना ले गई। पुलिस बाइक चालक की तलाश में जुट गयी है।

उम्मीद

पिछले वर्ष नवंबर में पीटीआर में आया है बाघ

# दोबारा कैमरे में कैद हुयी बाघ की तस्वीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वर्ष 2023 के नवंबर माह में पीटीआर में आये बाघ की तस्वीर एक बार फिर से कैमरे में कैद हुयी है। इस बात की पुष्टि पलामू टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष ने की है। उन्होंने बताया कि पिछले साल नवंबर महीने में यह बाघ आया है। उस समय भी कैमरा ट्रैप में इसकी तस्वीर कैद हुई थी। उसके बाद उसकी कोई तस्वीर कैमरे में नहीं आ रही थी, किंतु बीते शनिवार को एक बार फिर से बाघ कैमरे में कैद हुआ। उन्होंने कहा कि हर बाघ अपने रंग, चाल और धारी से पहचाना जाता है। एक बाघ की धारी किसी भी परिस्थिति में किसी भी दूसरे बाघ से नहीं मिलती है। उन्होंने बताया कि इस बाघ ने शिकार भी किया है। गढ़वा जिले के वन प्रमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने बताया कि तीन दिन पहले गढ़वा जिले के गोबर दाहा जंगल में बाघ के पद चिन्ह मिले हैं। बाघ ने एक भैंस का शिकार भी किया है। वन कर्मी स्थिति पर नजर बनाये हुये हैं, किंतु बाघ अभी तक प्रत्यक्ष नहीं दिखा है।



पिछले साल नवंबर महीने में यह बाघ आया है। उस समय भी कैमरा ट्रैप में इसकी तस्वीर कैद हुई थी। उसके बाद उसकी कोई तस्वीर कैमरे में नहीं आ रही थी, किंतु बीते शनिवार को एक बार फिर से बाघ कैमरे में कैद हुआ : कुमार आशुतोष

### भाजपा कार्यकर्ता बूथ सम्मेलन में हुये शामिल

**मेदिनीनगर।** शहर के शिवाजी मैदान में रविवार को आयोजित भाजपा के बूथ स्तरीय सम्मेलन में नावा बाजार प्रखंड एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुये। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा व पीएम मोदी के समर्थन में जमकर नारेबाजी भी की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रामरेखा चंद्रवंशी, पूर्व प्रमुख रविंद्र पासवान,पूर्व मुखिया दीपक गुप्ता,मीना देवी ,लीलावती देवी, अरुण कुमार, संजीत कुमार, गिरिजा शंकर राम, अखिलेश यादव, उदय यादव ,सुरेश चौधरी मौजूद थे।

## एक नजर

### बूथ स्तरीय सम्मेलन में 15 को इटखोरी जायेंगे भाजपाई

**प्रतापपुर।** इटखोरी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ 15 मार्च को भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने की तैयारी को लेकर प्रतापपुर मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित राजागढ़ परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार सौण्डिक ने की, जबकि इसका संचालन महामंत्री सतेंद्र पासवान ने किया। मुख्य अतिथि चतरा विधानसभा विस्तारक भैरव कुमार दीक्षित थे। बैठक में मंडल महामंत्री भीम सिंह, सत्येंद्र पासवान, उपाध्यक्ष अजीत कुमार पाण्डेय, निर्मल कुमार, गजेंद्र प्रसाद, कलेन्द्र कुमार गुप्ता, गौतम कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सोनू, बिनोद कुमार, सुरेन्द्र यादव, संदीप कुमार पासवान आदि उपस्थित थे।

### 'सुभाष की गिरफ्तारी प्रधानमंत्री व गृहमंत्री की घबराहट का नतीजा'

**बालूमाथ।** बालूमाथ राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव ने एक प्रेस रिलीज कर कहा कि आगामी 2024 के चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह पूरी तरह से डरे, सहमे एवं घबराये हुए हैं। अपने तोते सीबीआई, इनकम टैक्स विभाग, ईडी को विपक्षी नेताओं के पीछे जबरन लगाए हुए हैं। सुभाष यादव की लोकप्रियता से घबरा कर भाजपा के नेता ईडी का रेड करवा कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजने की साजिश करने का काम किया है। मैं प्रधानमंत्री मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह को चुनौती देता हूं। अगर दम है तो अपने नेताओं और भाजपा में शामिल भ्रष्टाचारी नेताओं की संपत्ति की निष्पक्ष जांच कर दिखाएं।

### भुईयां समाज की हुई समीक्षा बैठक

**बालूमाथ।** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति की बैठक रविवार को आयोजित की गई, तीनों प्रखंड के भुईयां समाज के लोग शामिल हुए। इसमें पिछले दिनों मनाई गई माता शबरी जयंती की समीक्षा की गई। लातेहार जिला अध्यक्ष राजेंद्र भुईयां की अध्यक्षता में आय और व्यय को रखा गया। मौके पर बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष बीरेन्द्र भुईयां, बारियातु प्रखंड अध्यक्ष विजय भुईयां, लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी तुलसी राम, गुड्डू भुईयां, नरेश भुईयां, रमन भुईयां, जागेश्वर भुईयां, राजेश भुईयां, अजय कुमार भुईयां शामिल थे।

### श्रद्धांजलि सभा

**चंदवा।** प्रखंड शौण्डिक जयसवाल समाज द्वारा रविवार को ग्रीन फील्ड अकादमी परिसर में दिवंगत समाजसेवी प्रभाकर मिश्र, शिवव्रत साहू, अरुण साहू को सामूहिक रूप से श्रद्धांजलि दी गई। इसमें शौण्डिक जयसवाल समाज के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद साहू, सतेंद्र प्रसाद साहू, अमित कुमार गुप्ता, महेंद्र प्रसाद साहू, राजकुमार साहू, अजय साहू, नरेश प्रसाद, गुड्डा कुमार, सतीश प्रसाद, रामटहल साहू आदि मौजूद थे।

### आर्थिक मदद

**महुआडांड़।** बीती 3 मार्च को सड़क हादसे में शुभम कुमार की मौत हो गई थी। हिंदू महिला समाज ने 30 हजार रुपये जमा कर युवक के परिजन को आथिर्क मदद के रूप में दिए। मौके पर सरिता देवी, बबीता पाठक, संजू कुमारी, उमा देवी, रेनू जायसवाल, सोनी देवी, नीलिम देवी, ममता देवी, रानी देवी आदि मौजूद थीं।

### 18 करोड़ की लागत से 18 फीट चौड़ी बनेगी सड़क, प्रखंड वासियों में हर्ष

# विधायक ने किया तेतरीया मोड़ सड़क का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

तेतरीया मोड सड़क बालाजी चौक से पीपरा एवं आरईओ रोड से मंझौली तक तीन सड़कों का शिलान्यास सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने रविवार को किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामदेवसिंह भोग्ता, मुखिया मंजित सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी व करमा मुखिया रामनाथ यादव भी मौजूद रहे। सड़क निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क



सुदृढ़ीकरण योजना के तहत कराया जाएगा। मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय से सोकी-तिलरा होते तेतरीया मोड़ तक सड़क की विशेष मरम्मती की जाएगी। इसकी प्राक्लित राशि 18 करोड़ है और लगभग 18 किलोमीटर लंबी और 18 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण होगा। निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग चतरा की देखरेख में दमास सिविल कंशट्रक्शन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रांची द्वारा किया जाएगा। वहीं बालाजी चौक से पीपरा तक 3 करोड़ 75 लाख एवं आरईओ रोड से मंझौली तक 2 करोड 96 लाख की लागत से सड़क निर्माण कार्य नंद किशोर सिंह एवं तेज प्रताप सिंह कंशट्रक्शन द्वारा किया जाएगा। मौके पर मंडल अध्यक्ष महेंद्र नायक, रसिक शिरोमणि, रामदहिन सिंह, इश्वरी मेहता, योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# श्रम मंत्री ने 136 योजनाओं का उद्घाटन व 128 योजनाओं का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता रविवार को डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास व उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री ने अबुआ आवास योजना एवं सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं डमी चेक का वितरण किया। तत्पश्चात जिले की लगभग 282 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास व



उद्घाटन किया। कुल 136 योजनाओं का उद्घाटन किया। इसकी कुल लागत एक सौ दो करोड़ रुपये है। वहीं 1 सौ 80 करोड़ की 128 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, समाज सेवी नवलकिशोर यादव, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, मंत्री प्रतिनिधि हारून रशीद आदि मौजूद थे।

# 3.250 किग्रा अफीम सहित एक गिरफ्तार

### पुलिस ने एक मोटरसाइकिल व दो मोबाइल फोन किए जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया(चतरा)**

पुलिस टीम ने जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र से छापेमारी कर 3.250 केजी अवैध अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार तस्कर अजय कुमार साव सिमरिया थाना क्षेत्र के जबड़ा गांव का रहने वाला है। पुलिस टीम ने गिरफ्तार तस्कर के पास से 3.250 किलोग्राम अर्द्धठोस अफीम, एक होंडा साइन मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किये हैं। सिमरिया एसडीपीओ अजय कुमार केशरी ने प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि लावालौंग थाना अंतर्गत अमिनियां गांव के संजय गंझू के घर अवैध अफीम



रखा हुआ है और बाहरी व्यक्ति को बेचने की फिराक में है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए मेरे नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम में सिमरिया पुलिस निरीक्षक उमेश राम, लावालौंग थाना प्रभारी रूपेश कुमार और अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। आगे बताया कि गठित टीम के द्वारा अमिनियां गांव में संजय गंझू के घर विधिवत छापामारी के क्रम में 3. 250 किलोग्राम अर्द्धठोस अवैध अफीम के साथ अजय कुमार साव को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने कहा कि इस संबंध में उक्त दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध लावालौंग थने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि अन्य के विरुद्ध छापामारी की जा रही है।

# विधायक ने चार सड़क निर्माण का किया भूमि पूजन

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

मनिका विधान सभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाली चार सड़क निर्माण का भूमि पूजन व शिलापट का अनावरण किया। विधायक ने सर्वप्रथम आदर्शनगर में शिवकुमार जयसवाल के घर से संत कालारेट स्कूल होते हुए लुहूर तक सड़क निर्माण, उकामाड़ पंचायत के मुरु आरयू रोड बहेराटाड से मुरु स्कूल होते हुए बेतला फारेस्ट तक सड़क निर्माण, छिपादोहर पंचायत के बारीदोहर रोड जामटिया जुरुहार तक सड़क निर्माण, ग्राम पोखरी में सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया। विधायक ने इसकी शुरुआत प्रखंड के आदर्श नगर मोड़ से की। जिप सदस्य संतोषी शेखर, बीडीओ रेखा रेशमा मिंज, मुखिया, उप मुखिया व ग्राम प्रधान अयोध्या प्रसाद, पंडित गिरधारी मिश्रा मौजूद थे। विधायक ने छिपादोहर में मुखिया बेरोनिका कुजूर, उप मुखिया दीपा देवी के साथ, जबकि मूरू में मुखिया पूनम देवी, कैलाश सिंह व ग्राम प्रधान बेगा पाहन द्वारा सड़क का भूमि पूजन किया गया।



### क्षेत्र में खींचनी है विकास की लंबी लकीर

मौके पर विधायक ने कहा कि कोरोना काल के कारण क्षेत्र का विकास बाधित था, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खींचनी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सभी सड़कों का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। बरवाडीह मंडल रोड निर्माण कार्य की सारी अड़चनों को जल्द दूर का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही छिपाडोहर को प्रखंड व बरवाडीह को अनुमंडल बनाने की मांग को पूरा करने हेतु सदन में आवाज उठाई गई है। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री से वार्ता की गई है। इसमें जल्द ही करवाई होगी। मौके में 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, अजय चंद्रवंशी, प्रिंस गुप्ता, जयप्रकाश रजक, शमशुल अंसारी, बिपिन बिहारी सिंह, दीपू तिवारी, अनिल कुमार सिंह, प्रेम कुमार सिंह पिंटू, सुरेश यादव, सुरेश मिश्रा, कुलेश्वर सिंह, हलीम अंसारी, मो सईद अंसारी, असर्फी यादव, उमेश प्रसाद, कमलेश प्रजापति, निजाम अंसारी, दिलावर अंसारी, रविंद्र पासवान, अवधेश मेहरा मौजूद थे।

### जोहर कर्मियों ने विधायक को दिया मांग पत्र

**बरवाडीह।** जेएसएलपीएस के जोहरकर्मियों ने रविवार को विधायक रामचंद्र सिंह के मांगरा स्थित आवास में मिलकर समायोजन समेत अन्य समस्याओं को रखते हुए निदान की मांग की। बरवाडीह, मनिका, गारू प्रखंडों में कार्यरत जेएसएलपीएस जोहार कर्मी प्रमोद कुमार सोनी, बिपिन कुमार, शाहिद आजम, आशीष कुमार, अखिलेश कुमार, संतोष कुमार, राजकुमार यादव आदि ने विधायक को अपनी मांगों को संबंधित एक मांग पत्र दिया. जिसमें सभी जोहर कर्मियों को जेएसएलपीएस की अन्य परियोजनाओं में समायोजन, वित्तीय समस्याओं को दूर करने समेत अन्य मांगों को रखते हुए इस संबंध में जेएसपीएल प्रबंधन से सार्थक वार्ता कर जोहर कर्मियों की समस्याओं को दूर करने की मांग रखी। विधायक रामचंद्र ने जोहर जेएसएलपीएस जोहर कर्मियों की मांगों को सुनते हुए उस पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि एक दो दिनों में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से बात कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।



# झारखंड में चतरा व राजमहल सीट से माकपा लड़ेगी लोस चुनाव

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

लोकसभा चुनाव को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की चतरा, पलामू और लातेहार जिला कमेटी की संयुक्त बैठक रविवार को चंदवा स्थित एक होटल में चतरा जिले के वरिष्ठ नेता रामदेव सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें सर्वसम्मति से चतरा लोकसभा से उम्मीदवार देने का प्रस्ताव पास किया गया। फैसले की रिपोर्ट तत्काल राज्य व केंद्रीय कमेटी को भेज दी गई है। बैठक में बतौर पर्यवेक्षक माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, सचिवमंडल सदस्य समीर दास, सुफल महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। विप्लव ने कहा कि संसद में वामपंथ की संख्या बढ़ाना जरूरी है। चतरा लोकसभा क्षेत्र लाल झंडा के संघर्षों और शहादत की धरती रही है। सीपीएम गरीबों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के सवालों, ज्वलंत स्थानीय मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रही है। समय आ गया है कि इस पिछड़े इलाके चतरा की आवाज लोकसभा में गूंजे। इसलिए चतरा, लातेहार, पलामू जिला कमेटी ने संयुक्त बैठक कर चतरा से उम्मीदवार देने का प्रस्ताव पास किया है। उन्होंने कहा कि आज देश में जिस प्रकार से फांसीवादी शासन चलाने की कोशिश भाजपानीत मोदी सरकार




कर रही है। ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को जेल में डाला जा रहा है, देश में डर का माहौल पैदा कर अघोषित आपातकाल लागू किया जा रहा है, महंगाई का बुलडोजर चलाकर जनता का जीना मुश्किल कर दिया गया है, 46 साल के बाद देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है, युवा वर्ग ठगा महसूस कर रहा है, दूसरी तरफ धार्मिक उन्माद पैदा कर देश में नफरत का माहौल बनाया जा रहा है, अपने ही देश में लोगों को अपमानित किया जा रहा है।

### चतरा, पलामू व लातेहार जिला की संयुक्त बैठक में प्रस्ताव पास, संसद में वामपंथ की संख्या बढ़ाना जरूरी : प्रकाश विप्लव

इसलिए चतरा लोकसभा का चुनाव माकपा मजबूती से लड़ेगी। साथ ही राजमहल लोकसभा क्षेत्र में भी पार्टी प्रत्याशी उतारेगी। बैठक में राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, समीर दास, सुधांशु शेखर, सुफल महतो, लातेहार जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, चतरा जिला सचिव राजकुमार यादव, वरिष्ठ नेता अयुब खान, बैजनाथ ठाकुर, गणेश दास, रसीद मियां, मनु उरांव आदि शामिल थे।

# अल्बेस्टर सीट गिरने से एक बच्चे की मौत, दूसरा गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**

थाना क्षेत्र के मलकपुर गांव में अलबेस्टर शीट गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृत बच्चा मलकपुर गांव निवासी राजू साव का दो वर्षीय पुत्र राजवीर कुमार है। घायल बच्चा सुनील साव का पांच वर्षीय पुत्र है। ग्रामीणों द्वारा घायल बच्चा को इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। बताया गया कि घर के बगल में दोनों बच्चे खेल रहे थे। उसी दौरान अचानक अल्बेस्टर शीट गिर गया।

### हाईवा ने बाइक को मारी टक्कर, दो गंभीर

**गिद्धौर।** आमीन कब्रिस्तान के समीप अनियंत्रित हाईवा ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं हाईवा चालक फरार हो गया। घायलों में थाना क्षेत्र के घटेरी गांव निवासी मो. तौफीक व मो. हफीज हैं। रविवार को दोनों युवक चतरा जा रहे थे। इसी क्रम में चतरा की ओर से आ रहे हाईवा ने चकमा दे दिया।

# प्रशिक्षु आईपीएस ने संभाला प्रतापपुर थाने का कार्यभार

**नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर**

प्रशिक्षु आईपीएस शुभम कुमार खंडेलवाल ने रविवार को प्रतापपुर थाने का पदभार ग्रहण किया। ज्ञात हो कि खंडेलवाल वर्ष 2021 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। प्रशिक्षु आईपीएस ने कमान संभालने के बाद पुलिस निरीक्षक, अवर निरीक्षक, सहायक अवर निरीक्षक व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर थाने में दर्ज अपराध व लंबित अपराधों की समीक्षा की। उन्होंने आसन्न लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण करवाने, थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण,



महिला सुरक्षा, अवैध शराब कारोबारियों पर नकेल कसने को प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही उन्होंने पुलिस कर्मियों से आम लोगों के साथ बेहतर व्यवहार करने की सलाह भी दी।

# इटखोरी व पितीज के अलग अलग होटलों में सजती है शराबियों की महफिल

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत इटखोरी चौक व पितीज कलाली चौक के विभिन्न होटलों में संचालकों द्वारा बेखौफ शराब पिलाने की व्यवस्था की जाती है। ऐसी घटनाएं आबकारी विभाग व पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े करती हैं। वैसे होटलों के संचालकों द्वारा शराबियों को बैठने, खाने-पीने की अलग से व्यवस्था बनाई गई है। दरअसल, चतरा-चौपारण मुख्य मार्ग पर स्थित इन होटलों में शराब की बिक्री के साथ बैठा कर पिलाने की व्यवस्था है। होटलों में हर रोज दिन व रात का माहौल देखने लायक रहता है। शराबी शराब पीने के बाद कई घटनाओं को अंजाम देते हैं। सूत्रों के अनुसार शराबियों द्वारा इसी होटल में शराब पीकर अफीम व ब्राउन शुगर के खरीद बिक्री जैसे कारोबार करते हैं। इस संबंध में इटखोरी थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि थाने में आये हुए कुछ दिन हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे होटलों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# पत्थलगड़ा में भाजपा किसान मोर्चा ने निकाली ट्रैक्टर रैली

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**

भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के निर्देश पर ग्राम परिक्रमा यात्रा के निमित रविवार को पत्थलगड़ा प्रखंड में ट्रैक्टर रैली निकाली गई। इसका नेतृत्व किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्जुन यादव ने किया। ट्रैक्टर रैली की शुरुआत प्रखंड के प्रसिद्ध तीर्थस्थल लेम्बोइया पहाड़ी से हुई। इसको मुख्य अतिथि मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुमार शुभम सिंह ने रवाना किया। रैली लेम्बोइया मंदिर से प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर सुभाष चौक पहुंच सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम में मोर्चा जिला महामंत्री मोहम्मद बेलाल, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, अमित तिवारी, अर्जुन यादव, वासुदेव दांगी, अरविंद ठाकुर, चंद्रदेव दांगी, दीपक राज, ब्रजेश कुमार सिंह, मनीष सिंह, हरीश दांगी आदि शामिल थे।



### साई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के शिक्षक का निधन



**इटखोरी।** साई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के शिक्षक मनोज सिन्हा का रविवार को निधन हो गया। प्राचार्य हर गोविंद तिवारी ने बताया है कि दिवंगत शिक्षक का इलाज रांची रिम्स में चल रहा था। इलाज के दौरान उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ। अथक प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। शिक्षक के असमय निधन पर विद्यालय परिवार ने गहरा दुख प्रकट किया है। दिवंगता इटखोरी के धुना पंचायत अंतर्गत धुना गांव के रहने वाले थे।

**गड़बड़झाला** कान्हाचट्टी में रोजगार सेवक व बिचौलिए गरीबों का छीन रहे हक


# मजदूरों की जगह जेसीबी से कराया जा रहा काम

**नवीन मेल संवाददाता। कान्हाचट्टी(चतरा)**

जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलबुल के विभिन्न गांवों में मनरेगा के तालाब व डोभा आदि में मजदूरों की जगह जेसीबी मशीन से कार्य किया जा रहा है। साथ ही जिस योजना का कार्य समाप्त हो चुका है उस योजना की लीपापोती करके नई से योजना को चालू कर दिया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार वर्ष 2020-21 में योजना संख्या 3417005003/आएफ/7080901507457 जिसका कार्य पूर्ण हो चुका था, लेकिन वहीं पुराने कटे हुए डोभा में नए सिरे से बोर्ड बनाकर नई योजना चालू कर दी गई है। नए योजना की संख्या आएफ/ 70809090069है।






इस तरह से रोजगार सेवक की मिलीभगत से गरीबों के हक काट कर पेट में लात मारने का काम बिचौलियों द्वारा किया जा रहा है। ऐसे में गरीब व मजदूर अपना घर परिवार व बच्चों को छोड़कर जीवन यापन व रोजी-रोटी के लिए पलायन के लिए मजबूर हैं। दूसरी ओर निचले स्तर के अधिकारियों व बिचौलियों की मिलीभगत से धड़ल्ले से जेसीबी से कार्य कराया जा रहा है।

बता दें कि सरकार पलायन को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर मनरेगा के तहत निबंधन कर लोगों को वर्ष में 100 दिन रोजगार देने की गारंटी देती है, लेकिन इसका कितना लाभ इस अति पिछड़ी सुदूर पंचायत के लोगों को मिलता है, उसका नमूना मात्र है एक डोभा का जेसीबी से निर्माण कार्य कराना। क्षेत्र में खुलेआम ग्रामीणों और मजदूरों की आंख में धूल झोंकने का कार्य किया जा रहा है। इसमें रोजगार सेवक की भी मिली भगत है। क्योंकि उन्होंने बिना स्थल जांच किए हुए प्रशासनिक कार्य करने का कार्य करते हैं। जिस तालाब को काटने में 4 से 6 महीना मजदूरों से लग जाते उसे एक दिन में कटवा कर फाइनल करवा दिया जाता है। साथ ही पुरानी योजना जिसका कार्य पूर्ण हो चुका है उस कटे हुए डोभा को साफ करा कर किसी अन्य लाभुकों के नाम से योजना लागू कर दिया जा रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं रोजगार सेवक व मनरेगा से संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत है। ताजुब की बात यह है कि प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है। रोजगार सेवक से इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने जेसीबी के उपयोग होने की बात से या एक ही योजना स्थल पर दूसरा कार्य करने से इंकार किया, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। सही और समय से जांच किया जाए तो कई कर्मी फसेंगे।

# वार्ड सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय सभागार में नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को तीन दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस विशेष कार्यक्रम के तहत रविवार को द्वितीय बैच को दूसरे दिन का प्रशिक्षण दिया गया।

मास्टर ट्रेनर सत्यानंद शुक्ला व विनिता कुमारी ने प्रशिक्षु वार्ड सदस्यों को भारतीय संविधान में प्रदत उनके अधिकार, सविधान के 73 वें संशोधन के बाद ग्राम पंचायत को प्राप्त शक्तियों और उनका उपयोग, अधिकारों व कर्तव्यों को अवगत कराते हुए ग्राम सभा से संबंधित सभी आवश्यक नियम की जानकारी दी। जैसे -ग्राम सभा का कोरम, ग्रामसभा बैठक की प्रक्रिया, ग्रामसभा की अध्यक्षता, ग्राम पंचायत की सरंचना, पंचायत कार्यकारिणी, समाज में महिलाओं



की स्थिति, ग्राम स्तर की स्थायी समितियों, पंचायत स्तर पर स्थायी समितियों, वार्ड सदस्य का मानदेय, ग्राम पंचायत के मुद्दे व विकास सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। साथ ही अपने पद के अनुसार कार्यों और कर्तव्यों का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान लोगों में आसानी से समझ बनाने हेतु प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी आवश्यक टांपिक पर लघु फिल्म प्रदर्शित किया गया। मौके पर उपस्थित पंचायती राज्य प्रखंड समन्वयक पंकज पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को तीन बैच में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम बैच में बालूभांग, डाढा, फुलसु पंचायत के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण समाप्त हो चुका है। द्वितीय बैच में अमरवाडीह, शिबला और टोटी पंचायत के वार्ड सदस्य शामिल है। 11 मार्च को इस बैच का प्रशिक्षण समाप्त हो जाएगा.। तीसरा व अंतिम बैच 12,13, व 14 मार्च को होगा, जिसमें साल्वे, बारियातु व गोनिया पंचायत के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्य प्रशिक्षण लेंगे।

## एक नजर

### नाबालिग का हत्यारा एक बच्चा गिरफ्तार

**घाघरा।** विगत 5 मार्च को घाघरा थाना क्षेत्र के तेंदार गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में हुई एक 12 वर्षीय किशोर की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस बाबत एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने घाघरा थाने में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि अनुसंधान के क्रम में पता चला कि हत्या में उसी गांव के एक बच्चे का हाथ है। पूछताछ के क्रम में उसने अपना गुनाह स्वीकार करते हुए कहा कि मृतक छोटी-मोटी चोरी कर बार-बार उसका नाम ले रहा था। इसी बात को लेकर वह काफी दिनों से खफा था। 5 मार्च को किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। एक डंडे से लगातार उसके सिर पर प्रहार करता रहा जब तक कि वह मर नहीं गया। हत्या में उपयोग किए गए डंडे एवं आरोपी के खून से सने कपड़े एवं चप्पल बरामद किए हैं। आरोपी को बाल सुधार गृह गुमला भेज दिया है।

### दो बाइकों की भीषण टक्कर में छह घायल

**भंडरा।** भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र के प्रखंड कार्यालय के समीप रविवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में एक बच्ची सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय ग्रामीणों व पेट्रोल पंप कर्मियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। बताया जाता है कि भंडरा थाना क्षेत्र के बलसोता पोखरा टोली गांव निवासी अरुण उरांव अपनी मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी सुकरमुनी उरांव (30), मां मंगरी उरांव (55) के साथ अपने घर जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी। इस घटना में दूसरी मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दूसरी बाइक सवार तीनों घायल अचेतावस्था में हैं। सड़क दुर्घटना की खबर मिलते ही भंडरा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई है।

### आंदोलनकारियों ने की नेतरहाट सड़क जाम

**बिशुनपुर।** प्रखंड के बनारी चेक नाका के समीप झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा रविवार को रांची-नेतरहाट मुख्य सड़क को जाम कर दिया गया। इससे सड़क की दोनों ओर बॉक्साइट ट्रकों की लंबी कतार लग गई। बाद में प्रशासनिक का हस्तक्षेप से जाम को हटा लिया गया। इस संबंध में मोर्चा के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय अध्यक्ष रोजलीन तिर्की ने कहा कि झारखंड आंदोलन कारियों की जेल जाने की बाध्यता को सरकार समाप्त करे। साथ ही झारखंड आंदोलनकारी को सम्मान पेंशन के तहत पचास हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाए और रोजी रोजगार एवं नियोजन का अधिकार सुनिश्चित करे। प्रत्येक आंदोलनकारी को निशुल्क मेडिकल व मुफ्त बीमा का लाभ मिले। इन्ही मांगों को लेकर आज सभी आंदोलनकारी सड़क पर उतरे हुए हैं। स्टीफन किंडो ने कहा कि हमारे कई झारखंडी भाइयों ने अपनी जान की कुर्बानियां देकर अलग झारखंड राज्य लिया है। जब तक मांगें पूरी नहीं होती हैं आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर प्रभा मिंज महेंद्र उरांव, सुनीत उरांव डीपलाल नगेसिया, सतीश उरांव, जगदीश लकड़ा, तेतरू उराव, रोबोट कुजूर, प्रतिमा कुजूर, सहेंद्र उरांव, सुरेश भगत, अमरूस बेग, जुबिता बेग, दोमनिक असुर, प्रभा बृजिया आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1191 मुकदमे का निपटारा, 1.74 करोड़ राजस्व की वसूली

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**






राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, डालसा उपाध्यक्ष -सह- उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा, बार अध्यक्ष प्रमोद पुजारी व न्यायिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया।

बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल छह बेंचों का गठन किया गया था। बेंच संख्या -1 मोटर वाहन दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, सिविल अपील जैसे वादों के केस निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहदुर पाल के नेतृत्व में गठित की गई। वहीं बिजली से संबंधित केस के निस्तारण के लिए एडीजे श्री अरविंद कुमार के नेतृत्व में बेंच संख्या 2, बेंच संख्या - 3 क्रिमिनल कंपाउंडेबल केस, एनआई एक्ट, वेट एंड मेजरमेंट केस, मिनिमम वेजेज एक्ट के लिए सीजीएम चंदन, बेंच संख्या 4 मोटर वाहन अधिनियम के केस, वाणिज्य केस, सर्टिफिकेट केस के लिए एसडीजेएम राज कल्याण के नेतृत्व में, बेंच संख्या 5, बैंक संबंधीत मामले के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट एसएन तिग्गा के नेतृत्व में व बेंच संख्या 6 उपभोक्ता संबंधित मामलों के लिए उपभोक्ता फोरम के नन्दलाल प्रसाद के नेतृत्व में गठन किया गया था। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पीडीजे ने कहा कि आयोजन का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। आपसी समझौते से मामले को सुलह करें। डीसी डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि भारतीय न्याय प्रणाली का यह एक अच्छा कदम है। आयोजन के माध्यम से छोटे छोटे मामलों को समाप्त कर आपस में मिलजुल कर रहें। एसपी हारिस बिन जमा ने कहा कि आयोजन के माध्यम से यहां कई मामलों का निस्पादन होता है। जो काफी सराहनीय है। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे। वहीं उन्होंने आंकड़ों को बताते हुए कहा कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1191 केसों का निष्पादन किया गया, जबकि 1,74,05023 रुपये की वसूली अर्थदंड के रूप में की गई। निस्तारित वादों में कुल 300 वाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे। राष्ट्रीय गान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथराष्ट्रीय लोक अदालत का समापन किया गया।

### सेंक्च्युअरी फॉर एजुकेशनल नर्चर विद्यालय का वार्षिकोत्सव मना, डीसी-एसपी हुए शामिल

# लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी से पढ़ाई करें स्कूली बच्चे : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



महादेव टोली स्थित सेंक्च्युअरी फॉर एजुकेशनल नर्चर विद्यालय का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस- अधीक्षक हारिस बिन जमां ने संयुक्त रूप से किया। स्कूली बच्चों द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई, जिसकी सराहना उपस्थित अतिथियों ने की।

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि शिक्षा का मंदिर विद्यालय होता है, जहां बच्चे अपनी शिक्षा दीक्षा ग्रहण करते हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय का होना बहुत ही जरूरी है। स्कूली बच्चों को अनुशासन और शिष्टाचार से रहना चाहिए। लक्ष्य निर्धारण कर पूरी ईमानदारी से पढ़ाई करें तभी सफलता मिलेगी। बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ शारिरिक व मानसिक विकास भी जरूरी है। सेन त्रिवेणी स्कूल के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विद्यालय परिवार शिक्षित लोहरदगा के लिए कार्य कर रहा है जो सराहनीय है। वहीं विद्यालय के संस्थापक सुदीप सेन, सुमा सेन एवं प्रबंधक ए. सेन ने विद्यालय के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं स्वच्छ आचरण निर्माण के साथ अंग्रेजी भाषा की जरूरत का उल्लेख किया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से दस तक के सभी छत्र-छात्राओं का अतुलनीय योगदान रहा। मौके पर वरिष्ठ शिक्षक मदनमोहन पांडेय, मनोज कुमार, नीलम जग्गी, सोमीत राना, दीपक उराँव, रोनित कुमार, कंचन, बेबी, स्लोक सिंह, आशीष यादव, अफसर कुरैशी, संजय बर्मन समेत अन्य मौजूद थे।

### मारकुस कमांडो प्रवीण तेवतिया का 13 को होगा स्वागत

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती के अध्यक्षता में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आगामी 13 मार्च को मारकुस कमांडो एवं आयरन मैन का खिताब पा चुके प्रवीण तेवतिया की उपस्थिति में होने वाले योग शिविर के विषय में बैठक कर विचार विमर्श किया गया।

इसमें युवाओं को एवं आमजनों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया। योग आयुर्वेद के साथ साथ राष्ट्र सेवा की भावना से ओतप्रोत होकर जीवन जीने की आवश्यकता पर बल देते हुए वनवासी कल्याण केंद्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह ने कहा कि हमें प्रवीण तेवतिया जैसे व्यक्तित्व से सीख लेने की आवश्यकता है। शिवशंकर सिंह ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में योगबल, मनोबल, आत्मबल से मजबूत होना जरूरी है। बैठक में शिवराज विजय, दिनेश प्रजापति, किरण देवी, विनय कुमार, अशोक कुमार आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# ससुराल से लौट रहे बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत



**नवीन मेल संवाददाता। बसिया (गुमला)**

**दुखद घटना की सूचना के बाद गांव में पसरा मातम दोनों युवक दूसरे प्रदेश में मजदूरी का काम करते थे। कुछ दिन पहले ही दोनों अपने गांव लौटे थे**

जिला के बसिया थाना अंतर्गत महाराजगंज गांव में सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान गुमला के कोईनारा टोंगरीटोली निवासी हेमंत कल्लू और किशोर केरकेट्टा के रूप में हुई।

बताया जाता है कि दोनों एक ही बाइक में सवार होकर अपने ससुराल करंज गांव गए थे, जहां से लौटने के दौरान यह हादसा हुआ। राजगीरों द्वारा परिजनों को जानकारी दी गई। घटना की सूचना मिलने पर बसिया पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों के शव को कब्जे में लिया। घटना की सूचना के बाद गांव में मातम छा गया है। बताया जाता है कि दोनों युवक दूसरे प्रदेश में मजदूरी का काम करते थे। कुछ दिन पहले ही दोनों प्रदेश से काम कर अपने गांव लौटे थे।

# शिविर में विहिप व बजरंग दल के 22 कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**नवीन मेल संवाददाता। रायडीह**



प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के तत्वावधान में रक्तदान शिविर अयोजित किया गया। इसमें जिला कार्यवाह लक्ष्मी नारायण सिंह, बजरंग दल संयोजक मुकेश सिंह, कोंडरा मुखिया लंकेश चीक बड़ाइक, विहिप सत्संग प्रमुख अशोक सिंह ने इसका शुभारंभ किया। इसमें थाना प्रभारी सुरंसाग संतोष सिंह, कोंडरा मुखिया लंकेश्वर बड़ाइक, बजरंग दल सह संयोजक राम सागर, चीक बड़ाइक, सतनारायण कुमार, पुनम देवी, राज कुमार सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, विमल सिंह, अशोक सिंह, संदीप टोप्पो, कपिल कुमार, पंकज कुमार, ललित राम, शिवनारायण सिंह, सागर सिंह, प्रदीप सिंह, गंगाधर बड़ाइक, रुपा सिंह, अजय घांसी, संत गोप, संजय गोप, दया सागर, चीक बड़ाइक ने रक्तदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुकेश सिंह ने कहा कि विहिप, बजरंग दल के तत्वावधान में पंचायत भवन कोंडरा में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 22 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। इसी तरह हमलोग आगे भी रक्तदान शिविर आयोजित कर जरूरतमंद मरीजों की मदद करेंगे। जिला सत्संग प्रमुख अशोक सिंह और बजरंग दल सह संयोजक राम सागर चीक बड़ाइक ने कहा कि रायडीह प्रखंड अंतर्गत हमलोग रक्तदान के प्रति काफी लोगों को जागरूक कर रहे हैं और आने वाले समय में सभी पंचायतों में रक्तदान शिविर आयोजित करेंगे, जिसमें लोग रक्तदान कर सके। मौके पर विहिप संरक्षक कमला देवी, यश राज सिंह, सुधेश्वर सिंह, कर्म पाल गोप मौजूद थे।

# आजसू पार्टी के बुद्धिजीवी मंच का किया गया विस्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



आजसू पार्टी के बुद्धिजीवी मंच (आजसू पार्टी का सहयोगी संगठन) की केंद्रीय समिति में लोहरदगा के एन कुजूर एवं जतरू मुंडा, रमेश विश्वकर्मा, महेश लोहरा को केंद्रीय सचिव मनोनीत किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार साहू और केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, तारकेश्वर महतो, अरुण सिंह, रामलाल राम, दीपक उरांव, राम सुंदर महतो का मनोनयन किया गया है। इन सभी के मनोनयन पर आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने बधाई दी एवं कहा कि अभिभावकों के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश मिलने से और ऊजार्वान होकर हम लोग काम करेंगे और हमारा संगठन और मजबूत होगा। बधाई देने वालों में केंद्रीय महासचिव अंजू देवी, केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, विश्वनाथ उरांव, पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह, परमेश्वर भगत, आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शाहिद अंसारी, मोहम्मद बबली, जहांगीर आलम, नगर अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, छात्र संघ के अध्यक्ष आयुष मेहता, महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनीता साहू आदि मौजूद थे।

# सेवा भारती के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 44 लोगों ने कराई जांच

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



सेवा भारती लोहरदगा द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में लगातार 91वें सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 44 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। लोगों ने शुगर, बीपी, ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए डॉक्टर से परामर्श भी लिए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि जरूरतमंदों एवं असहायों की सेवा करना ही हम सभी का धर्म है। यहां के अलावा शहर से बाहर अन्य जगहों पर भी निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने का प्रयास किया जा रहा है। डॉ कुमुद ने कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। समय-समय पर अपना चेकअप कराते रहने से होने वाले बीमारियों का पता चल सकता है। सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाया जाता है। मौके पर सुबोध महतो, अंजलि सर्राफ, पदम लोचन अग्रवाल, अतुल सर्राफ, तपेश्वर अग्रवाल, चंपा देवी, लीला देवी, नारायण साहू, अनिल साहू, सुरेंद्र महतो, माधुरी देवी, सुनील अग्रवाल, शशि सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, सीताराम साहू, डोमन चंद्र कर्मकार, अशोक कुमार शाह, अनीता देवी, विकास अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, रामचंद्र गिरी, सुगनी देवी, सोनिया पोद्दार, स्नेहा शर्मा, रमेश शर्मा, उदय कास्यंकार, रीना कुमारी, शिमला देवी, कृष्ण प्रसाद, प्रभु दयाल साहू, सरिता कुमारी, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

**अच्छी खबर** | मौसम ने साथ दिया तो इस वर्ष अच्छी आमदनी होने की उम्मीद

# आम के पेड़ों में मंजर देख खिले किसानों के चेहरे

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



प्रखंड क्षेत्र में आम का मंजर देख किसानों के चेहरे खिल गए हैं। इस वर्ष आम पेड़ पूरी तरह मंजर से ढके हुए हैं। हालांकि बीते दिनों बिन मौसम बरसात होने से कुछ मंजर झड़ गया है, फिर भी मंजर के कारण पत्ते पूरी तरह ढक गये हैं। वहीं मनरेगा योजना के माध्यम से बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत आम बागवानी लगाने वाले किसानों को इस वर्ष बेहतर आम का पैदावार की उम्मीद है। अगर यदि प्राकृतिक आपदा आंधी, पानी, ओले से आम के मंजर को नुकसान न हो तो इस वर्ष बेहतर आम फलने की उम्मीद है। प्रखंड क्षेत्र के किसान अपने खेतों में लगाये गये आम बागवानी से लाखों कमाई की आस में है।

बता दें कि मनरेगा के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों किसान वर्तमान व पूर्व में आम भगवानी लगाये हुए हैं। आम के सीजन में गांव के बेरोजगार युवाओं को आम फलने से लेकर आम तोड़ने तक लिये रोजगार भी उपलब्ध हो जाता है। वहीं आम की खेती से बिना पूंजी का किसान प्रत्येक वर्ष 50 हजार से लाख रुपये तक कमाई कर लेता है। किसानों को आम बेचने के लिए कहीं जाने की भी जरूरत नहीं होती है। शहरी क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा आम के फलने के साथ ही अग्रिम पैसा देकर किसानों से आम को खरीद लिया जाता है। एक पौधे में 30 से 40 किलो तक आम निकलता है। व्यापारियों द्वारा कच्चे आम को 35 से 40 रुपये की दर से खरीद लिया जाता है। प्रखंड क्षेत्र के उगरा व चितरी डांडू पंचायत में वर्ष 2010 - 2011 में मनरेगा योजना के माध्यम से बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत 120 एकड़ भूमि पर 120 किसानों को आम बागवानी का लाभ दिया गया है। इसमें किसानों को 1 डिसमिल में 1 पौधा के हिसाब से आम का पौधा लगवाया गया है, जो तैयार हो चुका है। बीते वर्ष आम की खेती नहीं होने के कारण बहुत कम मात्रा में फल लगा था, परंतु इस बार मंजर से पेड़ लदा हुआ है। इससे किसानों को इस वर्ष अच्छी आमदनी की उम्मीद है।

# 'युवाओं की शक्ति का रूप है बजरंग दल'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




बजरंग दल लोहरदगा नगर इकाई की बैठक स्थानीय गुदरी बाजार स्थित गायत्री मंदिर में हुई। इसकी अध्यक्षता बजरंग दल सह संयोजक अनुभव कांस्यकार ने की। इसमें सर्वसम्मति से नव वर्ष प्रतिपदा पर गंगा आरती करने का निर्णय लिया गया। गंगा आरती संध्या 6:00 बजे शिव मंदिर बड़ा तालाब में किया जाएगा।

वहीं होली मिलन समारोह कार्यक्रम अखिलेश्वर धाम मंदिर भंडरा में 17 मार्च को करने का निर्णय लिया गया। मौके पर कार्यक्रम का संयोजक रुद्र सोनी को चुना गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह पूरे विश्व में बजरंग दल काम कर रहा है। सेवा संस्कार सुरक्षा की दृष्टि से यह बहुत ही अच्छा कार्य है। बजरंग दल के लोग हर जगह सेवा कार्य से जुड़े रहते हैं। वहीं बजरंग दल नगर सहसंयोजक आर्यन साहू, पीयूष कुमार प्रजापति, आयुष राजपूत, विवेक कुमार, बजरंग दल अखाड़ा प्रमुख विकास पंडित, विद्यार्थी प्रमुख, प्रकाश राज बादल, मिलन प्रमुख, अमित कुमार, सहमिलन प्रमुख, शुभम कुमार, नगर सुरक्षा प्रमुख, प्रियांशु वर्मा, नगर गौ रक्षा प्रमुख, अमृत कसकर, रोहित कसकर, हिमांशु उरांव, रितिक कुमार सिंघल, आरव सोनी, नगर सत्संग प्रमुख, प्रद्युमन पाठक को नगर का दायित्व दिया गया। मौके पर सचिन कुमार साहू, अशोक कसकर, प्रमोद प्रजापति, हसमुख रंजन, चंदन गोप, अनुभव कसकर, बीना देवी, आशा देवी, इंदु देवी, ममता देवी, किशन कुमार, आदित्य कुमार, शौर्य कुमार इत्यादि शामिल थे।

## एक नजर

### चौकीदारों का सम्मेलन कल

**रमना।** अपनी लंबित मांगों को लेकर सेवा विमुक्त चौकीदारों द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय गढ़वा में एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष कृष्णदयाल सिंह ने बताया कि पूर्व में राजधानी रांची में चौकीदारों द्वारा आंदोलन किया गया था। तब मौके पर आकर मंत्री आलमगीर आलम के आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त किया गया था। इसके बाद भी अभी तक कोई पहल नहीं किये जाने से क्षुब्ध होकर सम्मेलन कर आंदोलन की रणनीति बनायी जायेगी।

### पति से विवाद पर महिला ने खाया कीटनाशक

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के नगवा गांव निवासी मनोज पासवान की पत्नी संगीता देवी ने पति से विवाद के बाद कीटनाशक का सेवन कर लिया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मनोज घर में खसी का मीट बना रहा था। जिसका संगीता ने विरोध किया उस बात को लेकर कहा सुनी हुई। जिसके बाद संगीता ने कीटनाशक का सेवन कर लिया।

### कृष्ण दोबारा बने यादव महासभा के जिलाध्यक्ष

**गढ़वा।** प्रांतीय यादव महासभा जिला इकाई की बैठक वन विभाग के सभागार में हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य अनुराग मंडल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सत्य नारायण यादव व प्रदेश महासचिव अजय यादव की उपस्थिति में जिला इकाई का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से कृष्ण प्रसाद यादव को पुनः जिला अध्यक्ष चयनित किया गया। मौके पर प्रदेश महासचिव अजय यादव ने बताया कि झारखंड की सभी जिलों की इकाईयों का पुनर्गठन किया जा रहा है। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद यादव ने कहा कि समाज के लोगों की अपेक्षाओं पर शत-प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही जिला कमेटी का विस्तार किया जाएगा। बैठक में सुनील यादव, मुंशी यादव, रविंद्र यादव, विरेंद्र यादव, संजय यादव, गणेश यादव, संतोष यादव, सुनील यादव, ओम प्रकाश यादव, लक्ष्मण यादव, कन्हाई यादव उपस्थित थे।

# दो प्रखंडों में सात सड़कों का शिलान्यास आज



नवीन मेल संवाददाता

केतार/खरौंधी। क्षेत्रीय विधायक भानू प्रताप शाही सोमवार को गृह प्रखंड केतार व खरौंधी में करोड़ों रुपए की लागत से सात सड़कों की मरम्मतीकरण कार्य का भूमिपूजन व शिलान्यास करेंगें। इसमें केतार प्रखंड की हुरका - मेरौनी सड़क मरम्मतीकरण, परसोडीह बस्ती सड़क और मुकुन्दपुर गांव के सूर्य नारायण वन से बस्ती होते हुए पंडा नदी तक सड़क मरम्मतीकरण शामिल हैं। इसकी जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने दी। दूसरी तरफ विधायक द्वारा खरौंधी प्रखंड अंतर्गत कूपा से चनरे तक सड़क कालीकरण, अरंगी मुख्य सड़क से बैतरा तक कालीकरण कार्य,बनखेता से अंधरी तक कालीकरण कार्य,अमरोरा मुख्य पथ से चिनियाही तक सड़क कालीकरण कार्य शामिल हैं। इसकी जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा ने दी। इन सड़कों के बन जाने से ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो जाएगा।

#### मुकुन्दपुर में ग्रामीणों को भवन के उद्घाटन का इंतजार, लोग परेशान

# परसोडीह में भाड़े पर संचालित हो रहा उप स्वास्थ्य केन्द्र

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह पंचायत में उप स्वास्थ केन्द्र भवन जर्जर स्थिति में होने की वजह से स्वास्थ्य कर्मियों को परेशानी हो रही है। पिछले कई वर्षों से उप स्वास्थ्य केन्द्र भाड़े के रूम में संचालित हो रहा है। एएनएम मंजू देवी ने बताया की स्वास्थ्य केंद्र भवन की दशा बदहाल है। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता है। केंद्र में बिजली, पेयजल और शौचालय की भी व्यवस्था नहीं है। महिलाओं का प्रसव भाड़े के रूम में ही कराया जाता है। इधर मुकुन्दपुर गांव में 33 लाख रुपए की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन विभाग को तीन माह पूर्व हैंड ओवर किया जा चुका है। इसके बाद भी उद्घाटन को लेकर पेंच फंसे होने के कारण ग्रामीणों का उसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इससे उप स्वास्थ्य केन्द्र पिछले सात वर्षों से पंचायत सचिवालय में संचालित हो रहा है। जिससे स्वास्थ्य कर्मियों और पंचायत कर्मियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। एएनएम सुलेखा कुमारी ने बताया की नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र में लाईट और उपकरण की व्यवस्था नहीं है। सारी सुविधाएं उपलब्ध होने के पश्चात केंद्र नये भवन में शिफ्ट हो जायेगा।




**वर्जन**

सारी सुविधाएं उपकेंद्र में उपलब्ध कराकर और भवन का उद्घाटन कराकर केन्द्र में एएनएम को शिफ्ट कराया जायेगा। **डॉ रंजन दास, चिकित्सा पदाधिकारी भवनाथपुर।**

**वर्जन**

उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने के लिए विधायक भानू प्रताप शाही से अनुरोध किया जायेगा।
**ज्वाला प्रसाद, जिप सदस्य/ विधायक प्रतिनिधि**

### मां की डांट से क्षुब्ध किशोरी ने खाया कीटनाशक

गढ़वा। मां की डांट से क्षुब्ध होकर कांडी थाना क्षेत्र के पतिला गांव निवासी सुरेंद्र शाह की 14 वर्षीय पुत्री संध्या कुमारी ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर में काम करने को लेकर मां के डांट फटकार के बाद संध्या ने कीटनाशक खा लिया। स्थानीय लोगों की मदद से संध्या को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।



#### एनएच 75- भू स्वामित्व संघर्ष समिति के सदस्यों की बैठक में ऐलान, भरी हुंकार

# मुआवजा नहीं तो फोरलेन का निर्माण भी नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**श्रीबंशीधर नगर।** प्रखंड के महदेइया ग्राम स्थित नवनिर्मित जेल के निकट एनएच 75- भू स्वामित्व संघर्ष समिति के सदस्यों की बैठक सुनील तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा जब तक हम लोगों को भूमि का उचित मुवावजा का निर्धारण नहीं किया जाता है ,तब तक हम लोग एनएच-75 फॉरलेन सड़क का निर्माण नहीं होने देंगे। रैयतों ने कहा कि बिना उचित मुआवजा लिये हम अपनी जमीन नहीं देंगे। इसके लिये भले ही हमें जान देना पड़े। महेंद्र सिंह ने कहा कि भूमि का उचित मुआवजा के लिये हाई कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया गया है। विरेन्द्र सिंह ने कहा कि सड़क निर्माण करा रहे कंपनी वालों की मनमानी नहीं चलेगी। जब तक रैयतों को भूमि का उचित मुआवजा नहीं मिलेगा तब तक सड़क निर्माण का कार्य नहीं होने दिया जायेगा। यदि सीधी अंगुली बात नहीं बनी तो मजबूरन रैयतों को सड़क पर उतरना पड़ेगा। अर्जुन ठाकुर ने कहा कि जब तक हमें न्याय नहीं मिलेगा। तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हम लोग प्रत्येक रविवार को बैठक कर संगठन को मजबूत बनायेंगे। मौके पर चंदन सिंह, बुलबुल तिवारी, जन्मेजय कुमार चौबे, भगवान ठाकुर, संजय कुमार, दीनदयाल श्रीवास्तव, अनुज कुमार ठाकुर, रामप्यारी साह, अनिल कुमार तिवारी, बैजनाथ चौबे,तारकेश्वर प्रसाद, विश्वनाथ चंद्रवंशी, ललन राम उपस्थित थे।

**सड़क निर्माण करा रहे कंपनी वालों की मनमानी नहीं चलेगी। जब तक रैयतों को भूमि का उचित मुआवजा नहीं मिलेगा तब तक सड़क निर्माण का कार्य नहीं होने दिया जायेगा : विरेन्द्र सिंह**



# ब्लैकमेल से आजिज विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

### अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर प्रेमी मांग रहा था धन

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। थाना क्षेत्र के सोनपुरवा रेलवे लाइन उस पार मोहल्ला निवासी अली शाह की पत्नी रानी बीबी 27 वर्ष ने रविवार को अपने घर में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में मृतका के पिता इदरीश साईं ने आरोप लगाया है कि गांव के ही मुस्तफा उर्फ लड्डू नामक लड़के से रानी का पिछले एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसी दौरान प्रेमी मुस्तफा ने अश्लील वीडियो बनाकर रख लिया। उसके बाद से रानी का वीडिओ युटुब पर डाल देने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। वह हमेशा उससे पैसे की मांग करता था। छुटकारा पाने के लिये रानी ने समूह से लोन उठाकर उसे ढाई लाख रुपए दिया था। उसके अलावा उसे एक टेंपो भी खरीद कर दी थी, लेकिन आरोपी उससे और पैसे की मांग कर रहा था। शनिवार को भी उसने उसके घर पहुंचकर ब्लैकमेल करने की धमकी देते हुये पैसे की मांग की थी। इससे भयभीत होकर रानी ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### रेल ट्रैक पर सिर कटा शव मिलने से सनसनी

गढ़वा। स्थानीय थाना क्षेत्र के उड़सुगी रेलवे क्रॉसिंग के पास से शनिवार की रात्रि एक युवक का सिर कटा शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। शव की पहचान बेलचंपा गांव निवासी अवधेश राम चंद्रवंशी के पुत्र सूरज सिंह 27 वर्ष के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में सूरज के पिता ने बताया कि वह हर दिन की तरह सुबह सात बजे अपने घर से गढ़वा सरिया-सटरिंग का काम करने के लिये निकला था। शनिवार की देर शाम सूरज ने मोबाइल पर बताया था कि चिनियां मोड से किसी व्यक्ति से पैसा लेकर घरेलू सामान लेकर लेट से घर आएगा। काफी रात होने पर जब उसके मोबाइल पर फोन मिलाया गया तो स्विच आफ मिला। उसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। रविवार की सुबह उसका शव ट्रैक पर पाया गया। परिजनों ने आशंका जाहिर की है कि उसकी हत्या कर शव को रेल ट्रैक पर फेंक दिया गया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर

# जटिल बीमारी से पीड़ित महिला का समाजसेवी ने कराया इलाज

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने एक बार फिर अपेंडिस और पेट की बीमारी से गंभीर रूप से पीड़ित एक महिला का सफल ऑपरेशन करा कर जान बचायी। पीड़ित महिला गढ़वा थाना क्षेत्र के मसूरिया कला गांव निवासी सुनील राम की पत्नी रीता देवी 2022 से बीमार चल रही थी। गढ़वा शहर के विभिन्न अस्पताल में इलाज कराने के बाद भी राहत नहीं मिलने से थक हार कर उन्होंने संस्था के सचिव को अपनी पीड़ा सुनायी। समस्या की गंभीरता को देखते हुये श्री माली ने बिहार के गया जिला स्थित एक निजी क्लीनिक में महिला का ऑपरेशन कराया। पीड़िता व उसके परिजनों ने सचिव के प्रति आभार जताया है।

#### घनी आबादी के कारण निर्माणाधीन देवी मंदिर तक पहुंच पथ में हो रही थी दिक्कत

# मंदिर तक जाने के लिये दिया रास्ता, लोगों ने किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड के गोंदा गांव में बन रहे देवी मंदिर तक पहुंच पथ के लिये उसी गांव के अमीन शिवनारायण सिंह ने अपना पुश्तैनी घर तोड़कर रास्ता दिया। इस पर ग्रामीणों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। गोंदा गांव में भव्य देवी मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में है, लेकिन घनी बस्ती में होने के कारण मंदिर तक पहुंच पथ की समस्या थी। जिसको लेकर निर्माण समिति तथा गांव के लोग चिंतित थे। गांव के लोगों का प्रस्ताव जैसे ही अमीन शिवनारायण सिंह के पास पहुंचा उन्होंने अपना पुश्तैनी घर तोड़कर रास्ता देने की घोषणा कर दी। शिवनारायण सिंह एवं उनकी पत्नी बिफनी देवी की इस पहल से निर्माण समिति तथा गांव के लोगों में हर्ष व्याप्त है। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष शशिकांत दुबे ने कहा कि जमीन या संपत्ति तो बहुत लोगों के पास होती है, लेकिन जन कल्याण के लिए या धार्मिक कार्य के लिए लोग बड़ा दिल नहीं दिखा पाते है। शिव नारायण सिंह का कार्य नजीर साबित होगा। समिति के उपाध्यक्ष शुनेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया प्रकाश कुमार, अरुण, कृष्ण देव प्रजापति, विरेंद्र शाह, अमित कुमार शाह, कृष्णा शाह, मिथिलेश ठाकुर आदि मौजूद रहे।



#### राजमिस्त्री का काम करने वाला युवक गीत-संगीत में मचा रहा धमाल

# लोगों का खूब भा रहा कपराठ के विश्वनाथ का होली एलबम

नवीन मेल संवाददाता

डंडई । जिले के सुदूरवर्ती डंडई प्रखंड के कपराठ गांव निवासी विश्वनाथ कोरवा द्वारा प्रस्तुत होली एलबम लोगों को खूब भा रहा है। कभी पेट पालने के लिये राज मिस्त्री का काम करने वाला ग्रामीण परिवेश का युवक गीत-संगीत के क्षेत्र में जमकर धमाल मचा रहा है। पटना की महिला कलाकार पल्लवी सिंह व अन्य महिला और पुरुष कलाकारों के साथ प्रस्तुत एलबम छलके जोबन जैसे छलके ला गगरिया इन दिनों क्षेत्र वासियों के सिर चढ़कर बोल रहा है। घर परिवार चलाने के लिए खेती-किसानी के साथ कभी राजमिस्त्री का काम करने वाले विश्वनाथ की सुरीली आवाज ने उन्हें गायन के क्षेत्र में प्रसिद्धि दिलायी है। उन्होंने बताया कि गाने को लेकर सर्वप्रथम उन्होंने मेराल गांव के डीजे साउंड मलिक नितेश कुमार रवि से संपर्क किया। उनके माध्यम से गढ़वा के म्यूजिक डायरेक्टर अमित रावत के पास पहुंचा। वहां पर सिंगिंग डायरेक्टर प्रीतम सिंह से गाने की खरीदारी की। प्रस्तुति के कुछ ही घंटे के बाद वह पूरी तरह सक्सेसफुल हो गया।



### पहला एलबम ही बाजार में छाया

विश्वनाथ ने बताया कि यह उनका पहला वीडियो एलबम है। नागरिकों की मिल रही भारी सराहना से उन्हें आत्मिक संतुष्टि मिली है। होली पर्व के बाद जल्द ही उनका दूसरा एलबम भी रिलीज होगा।

### डॉ. कुलदेव अध्यक्ष, सुमेर चौधरी बने महासचिव

गढ़वा। महर्षि वेदव्यास परिषद जिला इकाई गढ़वा-पलामू के तत्वावधान में रविवार को बैठक कर सर्वसम्मति से निषाद भवन निर्माण समिति गढ़वा का पुनर्गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष पद के लिए डॉ. कुलदेव चौधरी, उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, चंद्रदेव चौधरी व शारदा चौधरी, महासचिव सुमेर चौधरी, सचिव महेन्द्र चौधरी, रामनाथ चौधरी व आरती देवी, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार चौधरी व संतोष चौधरी, संगठन मंत्री राजेन्द्र चौधरी, गणेश चौधरी व जयराम चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी सन्तु चौधरी एवं कार्यालय प्रभारी रोहित चौधरी को बनाया गया।

# आत्म त्याग से व्यक्ति बनता है वीर पुरूष

नवीन मेल संवाददाता

**श्रीबंशीधर नगर।** श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि व शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से सत्यानु शरण पाठ,नारी नीति पाठ,अनुश्रुति ग्रंथ,शाश्वती ग्रंथ का पाठ किया गया। सत्संग में विजय दा,अनिता देवी,चंचला गुप्ता ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजयनन्दन सिन्हा ने कहा कि जिस व्यक्ति के पास विश्वास,निर्भरता व आत्म त्याग है,वही व्यक्ति वीर है। उन्होंने कहा कि गहरे विश्वास से सबकुछ सम्भव है। सत्संग में शक्तिदास सिन्हा,अजय दा, संजय दा, गोविन्द दा, श्रीकांत, राजन,प्रीतम,वृंदा देवी, प्रमिला देवी, सुजन्ती, अनुष्का उपस्थित रहीं।



**पहल**

### मंत्री मिथिलेश ने किया 198 योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास, दी शुभकामनायें

# गढ़वा व डंडा प्रखंड को मिला चार अरब चार करोड़ का होली का तोहफा

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा व डंडा प्रखंड को मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने होली का नायाब तोहफा दिया है। उन्होंने इन दोनों प्रखंडों में रविवार को चार अरब चार करोड़ 85 लाख रुपए की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया है। गढ़वा प्रखंड के तिलदाग में आयोजित मेगा शिलान्यास समारोह में मंत्री श्री ठाकुर ने विधिवत पूजा-अर्चना कर व नारियल फोड़ने के बाद शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने मंत्री श्री ठाकुर का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले समाजसेवियों व वरिष्ठ नागरिकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह के बाद कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि गढ़वा के विकास में सबसे बड़ा योगदान गढ़वा की जनता का है। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है। जनता ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे ईमानदारी के साथ निभा रहा हूं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि साजिश के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में बंद कर दिया गया है। जल्द ही साजिश बेनकाब होगा तथा वे जेल से बाहर होंगे। वर्ष 2026 तक गढ़वा के 40 हजार योग्य लाभुकों अबुआ आवास मिलेगा। इस दौरान डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिप सदस्य अमृतांजलि दुबे, मुखिया अनिता देवी आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर ओएसडी चंद्रचूड़ सिंह, एसी विजय मतियस टोप्पो, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, चंदा देवी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी, शरीफ अंसारी, मुखिया नारद तिवारी, बसंत चौबे, वंदना जायसवाल, दिलीप गुप्ता, प्रियम सिंह, फूजैल अहमद, अनु दुबे, अमित चंद्रवंशी उपस्थित थे।




### सीएसआर मद का हो रहा सदुपयोग

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने कभी भी सीएसआर फंड का उपयोग नहीं होने दिया। वे उसका उपयोग हमेशा अपने हित में करते रहे। अब उस फंड का आम नागरिकों के हित में उपयोग हो रहा है। ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर फंड से पूरे गढ़वा में हाई मास्ट लाइट सहित कई कार्य किए जा रहे हैं।

**मंत्री ने कहा कि गढ़वा के विकास में सबसे बड़ा योगदान गढ़वा की जनता का है। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है। जनता ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे ईमानदारी के साथ निभा रहा हूं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि साजिश के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में बंद कर दिया गया है। जल्द ही साजिश बेनकाब होगा तथा वे जेल से बाहर होंगे**

